# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

प्रधान कार्यालय–73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर–474011

फोन : 0751–2371603, 2446795 e-mail : nsbho@nsbgwalior.com

website : www.nsbgwalior.com


# आवश्यकता है

विज्ञप्ति क्रमांक / स्थापना / 2025–26 / 47 / 173 ग्वालियर, दिनांकः– 13–11–2025

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर में नीचे दिये पदों की पूर्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन फार्म बैंक की website - www.nsbgwalior.com पर उपलब्ध रहेंगे, तथा website पर ही सम्पूर्ण आवेदन फार्म को भरना होगा। भरे गये आवेदन फार्म का एक प्रिन्ट निकालकर सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ संलग्न कर बैंक के प्रधान कार्यालय–73, गोविन्दपुरी विश्वविद्यालय मार्ग ग्वालियर में दिनांक **29 नवम्बर, 2025 शनिवार** तक कार्यालयीन समय में सायं 4 बजे तक, आवेदन शुल्क राशि रूपये 300/– के साथ जमा हेतु प्रस्तुत करना होगा उन्हीं आवेदनों को विचार में लिया जावेगा।

| स0 क्र0 | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | वेतनमान एवं अनुमानित मासिक परिलब्धियॉ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शाखा प्रबंधक (प्रबंधक–II) | 02(दो) सामान्य वर्ग | **1–शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक न्यूनतम 50 प्रतिशत आवश्यक है।**<br>**2–किसी बैंक या मान्यता प्राप्त NBFC में 02 वर्ष का बैंकिंग संव्यवहार के कार्य का अनुभव आवश्यक।**<br>**3–प्रबंधकीय कार्य के अनुभव को प्राथमिकता।**<br>**4–कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान आवश्यक है।** | 9300–34800 तथा ग्रेड पे 3600 (7th Pay Level - 9) कुल प्रारंभिक परिलब्धियॉ लगभग रूपये 36,200/– + डी.ए. एवं अन्य प्रतिमाह |
| (2) | कार्यालय सहायक (सहायक ग्रेड/ कैशियर/ कम्प्यूटर ऑपरेटर) | कुल पद 08(आठ) सामान्य वर्ग, इनमें से 02(दो)पद महिला अभ्यर्थी हेतु आरक्षित | 1– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>2– बैंकिंग में अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता।<br>**3– CPCT (Computer Proficiency Certification Test) की परीक्षा पास होना आवश्यक है।**<br>**B-Tech/B.E. in CS or IT, M-Tech in CS or IT, BCA, MCA डिग्री वाले अभ्यर्थी के लिए CPCT परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक नहीं है।** | 5200–20200 तथा ग्रेड पे 1900 (7th Pay level 4) कुल प्रारंभिक परिलब्धियॉ लगभग रूपये 19500/– + डी.ए. एवं अन्य प्रतिमाह |

**उक्त दोनों पदों हेतु – नियम व शर्तें :–**

(1) उपरोक्त पद में B-Tech/B.E. in CS or IT, M-Tech in CS or IT, BCA, MCA, B.B.A. व M.B.A. में डिग्री व बैंकिंग में समकक्ष अनुभव वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।

(2) शाखा प्रबंधक (प्रबंधक–II), एवं कार्यालय सहायक पद के लिये लिखित परीक्षा ली जावेगी।

(3 उपरोक्त रिक्त पद की भर्ती हेतु आयु दिनांक 01 नवम्बर 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये। निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन के नियमों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये आयु सीमा में शासन के नियमानुसार छूट दी जावेगी।

(4) निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। डाक में विलम्ब आदि के लिये बैंक का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

(5) शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र के साथ नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना होगी।

(6) म0 प्र0 नागरिक सहकारी बैंक कर्मचारी सेवा नियमों के अन्तर्गत, निर्धारित अन्य नियम व शर्तो की पूर्ति करने वाले तथा लिखित परीक्षा व कम्प्यूटर टैस्ट उत्तीर्ण अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से चयनित होने के पश्चात् परिवीक्षा अवधि पर नियुक्ति के लिये पात्र होंगे।

(7) Online Form भरने के पश्चात् फार्म की Print Copy तथा शिक्षा एवं अनुभव के स्वसत्यापित दस्तावेजों की छाया प्रति निर्धारित शुल्क सहित बैंक मुख्यालय में जमा करना आवश्यक है। केवल दस्तावेज जमा करने या केवल Online Form Apply करना मान्य नहीं होगा।

(8) अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

मुख्यकार्यपालन अधिकारी/महाप्रबंधक
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर